SYNERGY

आपकी जानकारी के लिए

BSES
BSES Yamuna Power Limited
दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

नवंबर—दिसंबर 2012

बीवाईपीएल टीम की ओर से आप सबको दीपावली, क्रिसमस और नव वर्ष की शुभकामनाएं!

विधायक फंड से लगा सरकारी स्कूलों में रीप सिस्टम

बीवाईपीएल का रिन्युएबल एनर्जी असिस्टेड पंप यानी रीप सिस्टम पूर्वी दिल्ली के स्कूलों में पढ़ रहे हजारों बच्चों व शिक्षकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में मदद कर रहा है। अब तक चार स्कूलों में यह सिस्टम लगाया जा चुका है। **ये स्कूल हैं— 1. सर्वोदय बाल विद्यालय, सी ब्लॉक, न्यू सीमापुरी, 2. राजा रवि वर्मा सर्वोदय कन्या विद्यालय, बी ब्लॉक, नंद नगरी, 3. गवर्नमेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल नंबर एक, मानसरोवर पार्क, शाहदरा, और 4. गवर्नमेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल नंबर दो, मानसरोवर पार्क, शाहदरा।**

सरकारी स्कूलों में रीप सिस्टम के लिए विधायकों के लोकल एरिया डिवेलपमेंट फंड यानी एमएलए—एलएडी फंड से रकम मुहैया कराई जा रही है। **स्कूलों में विधायक श्री वीर सिंह धिंगान, श्री विपिन शर्मा और श्री अंबरीश सिंह गौतम द्वारा उलब्ध कराए गए फंड से रीप सिस्टम लगाया गया है। इसके अलावा, पश्चिम दिल्ली से विधायक श्री मुकेश शर्मा ने भी रीप सिस्टम के लिए ऑर्डर दिया है।**

अपना मोबाइल व ईमेल रजिस्टर करें, इनाम पाएं

बीवाईपीएल के केवाईसी यानी नो योर कस्टमर (अपने उपभोक्ता को जानें) मुहिम में हिस्सा लें और सरप्राइज गिफ्ट्स पाएं। अपना सीए नंबर, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर हमें ईमेल करें—bypl.customercare@relianceada.com।

आप अपना डिटेल हमें एसएमएस भी कर सकते हैं। पूर्वी दिल्ली के उपभोक्ता हमें 8010935803 पर एसएमएस कर सकते हैं और मध्य दिल्ली के उपभोक्ता 8010935804 पर एमएमएस भेज सकते हैं।

आपको बेहतर सेवाएं देने में हमारी मदद करें!

सहायता के लिए कृपया कॉल करें
24 X 7 399—99—808

ब्रिटेन की संसद में बीवाईपीएल सीईओ सम्मानित

पर्यावरण संरक्षण के लिए बीवाईपीएल के प्रयासों को अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा जा रहा है। अभी हाल ही में, इंग्लैंड की संसद, यानी हाउस ऑफ कॉमन्स में बीवाईपीएल सीईओ श्री रमेश नारायणन को सम्मानित किया गया। वहां के **मिनिस्टर—सेक्रेटरी ऑफ स्टेट फॉर कम्युनिटीज एंड लोकल गवर्नमेंट श्री एरिक पिकल्स, हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सांसद श्री जिम नाइट और हाउस ऑफ कॉमन्स के सांसद श्री विरेंदर शर्मा ने श्री रमेश नारायणन को प्रतिष्ठित लीडरशिप अवॉर्ड ऑन क्लाइमेट चेंज से सम्मानित किया। आईबीबीएफ यानी इंडो—ब्रिटिश फोरम द्वारा उन्हें यह सम्मान दिया गया। हाउस ऑफ कॉमन्स में, यह लीडरशिप अवॉर्ड विभिन्न क्षेत्रों की नामी हस्तियों को दिया जाता है, जो अपने विजन और कार्यप्रणाली से आने वाली पीढ़ियों के लिए रोल मॉडल बन चुके हैं। गौरतलब है कि पिछले वर्षों में, सुनीता विलियम्स, कल्पना चावला, अजीम प्रेमजी, नारायणमूर्ति आदि को भी इस अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है।**

बीवाईपीएल कस्टमर केयर अधिकारियों को एयरहोस्टेस जैसी ट्रेनिंग

उपभोक्ताओं को बिल्कुल अनोखा कस्टमर केयर मुहैया कराने के लिए बीवाईपीएल ने अपने कस्टमर केयर ऑफिसर्स को नामी एयरहोस्टेस एकेडमी फ्रैंकफिन से प्रशिक्षण दिलवाया है। पहले चरण में, कंपनी के 14 डिविजनों के करीब 53 कस्टमर केयर अधिकारियों को फ्रैंकफिन ने अपने प्रीतविहार कैंपस में प्रशिक्षण दिया है। उल्लेखनीय है कि फ्रैंकफिन एकेडमी पिछले करीब 20 सालों से विमानों के केबिन क्रू स्टाफ को प्रशिक्षण देने का काम कर रही है। इसके अलावा, बीवाईपीएल अपने सभी डिविजनों के कस्टमर केयर ऑफिसर्स के लिए एक ड्रेस कोड तय करने वाली पहली डिस्कॉम बन गई है।

बिजली की कीमत के विभिन्न पहलू



स्रोतः 10 अप्रैल, 2011 को हिन्दुस्तान टाइम्स में डीईआरसी का विज्ञापन

नोटः आपके द्वारा भुगतान किए गए हर 1 रूपये में से 80 पैसे बिजली खरीद में लग जाते हैं, 10 पैसे ऑपरेशन व मेंटेनेंस पर खर्च होते हैं और बाकी बचे 10 पैसे डेप्रिसिएशन, रिटर्न ऑन कैपिटल व इनकम टैक्स के मद में जाते हैं।

बीवाईपीएल के सभी 14 डिविजन—ऑफिसों के बिल भुगतान केंद्र 365 दिन खुले रहते हैं।

अपने सुझाव व विचार हमें इस पते पर भेजें— कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली — 110032। अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.bsesdelhi.com देखें या कॉल करें +91 11 300—99—999